# केंद्रीय हिंदी संस्थान, दिल्ली केंद्र

द्वारा आयोजित

राष्ट्रीय संगोष्ठी

## हिंदी शिक्षण-अधिगम : परंपरा और समकालीन संदर्भ

(दिनांक: 13 एवं 14 फरवरी 2025)

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के दिल्ली केंद्र द्वारा दिनांक **13 एवं 14 फरवरी 2025** को '**हिंदी शिक्षण-अधिगम : परंपरा और समकालीन संदर्भ**' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी हेतु निम्नलिखित विषय क्षेत्रों से शोधपत्र आमंत्रित हैं-

- भाषा शिक्षण, भाषा अर्जन, भाषा अधिगम और भाषा कौशल
- भाषा शिक्षण और भारतीय ज्ञान परंपरा
- भाषा शिक्षण और प्रौद्योगिकी
- हिंदी और अन्य प्रमुख भारतीय भाषाओं में भाषा शिक्षण
- प्रथम भाषा, द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी शिक्षण
- विदेशी भाषा के रूप में हिंदी शिक्षण
- भाषा शिक्षण और भाषाविज्ञान
- हिंदी साहित्य शिक्षण और विविध प्रतिमान (साहित्य, नाटक, सिनेमा आदि)

## केंद्रीय हिंदी संस्थान, दिल्ली केंद्र : परिचय

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के उच्चतर विभाग द्वारा 1960 ई. में स्थापित स्वायत्त संगठन केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल द्वारा संचालित शिक्षण संस्था है। संस्थान मुख्यतः हिंदी के अखिल भारतीय शिक्षण-प्रशिक्षण, अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार के लिए कार्य-योजनाओं का संचालन करता है। दिल्ली केंद्र की स्थापना वर्ष 1970 में हुई। सर्वप्रथम राजभाषा क्रियान्वयन योजना के लिए केंद्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए गहन हिंदी शिक्षण कार्यक्रम और विदेशों में हिंदी प्रचार-प्रसार के अंतर्गत विदेशियों के लिए हिंदी शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए। कार्याधिक्य के कारण वर्ष 1991 में विदेशियों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम की छात्रवृत्ति आधारित योजना आगरा मुख्यालय में स्थानांतरित कर दी गई।



वर्तमान में दिल्ली केंद्र में स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत विदेशियों के लिए हिंदी पाठ्यक्रम, सांध्यकालीन पोस्ट एम.ए. अनुप्रयुक्त हिंदी भाषाविज्ञान डिप्लोमा, पोस्ट एम.ए. अनुवाद सिद्धांत एवं व्यवहार डिप्लोमा तथा पोस्ट एम.ए. जनसंचार एवं पत्रकारिता पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख तथा हिमाचल प्रदेश

(आदिवासी क्षेत्र) राज्यों के स्कूल एवं कॉलेज स्तर के हिंदी अध्यापकों के लिए 12 दिवसीय नवीकरण पाठ्यक्रमों का आयोजन भी दिल्ली केंद्र द्वारा किया जाता है।

## संगोष्ठी परिचय

### विषय – हिंदी शिक्षण-अधिगम : परंपरा और समकालीन संदर्भ

दिनांक : **13 एवं 14 फरवरी 2025** स्थान : **संस्थान सभागार, दिल्ली केंद्र**

केंद्रीय हिंदी संस्थान हिंदी के शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत है। आज हिंदी का बहुमुखी विकास हो रहा है। प्रथम भाषा, द्वितीय भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी की स्वीकार्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान में हिंदीतर भाषी एवं विदेशी विद्यार्थी हिंदी सीखने के लिए अत्यधिक रुचि के साथ निरंतर आकर्षित हो रहे हैं। भारत में भाषा चिंतन एवं भाषा शिक्षण की एक महान परंपरा रही है। आज तकनीकी उपकरणों और नवाचारी पद्धतियों के समावेश से इस परंपरा का अत्यधिक संवर्धन हुआ है। अतः इस महान परंपरा के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी उपकरणों, सॉफ्टवेयर और नवाचारी पद्धतियों के अद्यतन स्वरूप से प्रतिभागियों को परिचित कराने के उद्देश्य से इस संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह संगोष्ठी प्रतिभागियों का इस दिशा में ज्ञानवर्धन करते हुए उन्हें विचार करने एवं कार्य करने हेतु एक नई दिशा प्रदान करने में सहायक होगी।

### पंजीकरण :

सहभागिता तथा प्रपत्र वाचन के लिए पंजीकरण हेतु निम्नलिखित लिंक पर गूगल फार्म को भरें –

https://forms.gle/NPxfMdm1kBnKdwYy8

**पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन जमा करने हेतु खाता विवरण :**

A/C Holder name: SACHIV, KENDRIYA HINDI SHIKSHAN MANDAL

A/C No.: 0346101005057

IFSC Code: CNRB0000346

Bank Name: CANARA BANK, S.D. Area, New Delhi-110016

नोट :

(1) केवल सहभागिता के लिए भी पंजीकरण फॉर्म भरना आवश्यक है। सहभागिता निःशुल्क है। सहभागिता हेतु पंजीकरण पुष्टि की सूचना ईमेल के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

(2) शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले सभी प्राध्यापकों और शोधार्थियों/विद्यार्थियों को गूगल फार्म भरते समय निम्न विवरण के अनुसार पंजीकरण राशि का भुगतान करना होगा-

| | अग्रिम भुगतान (ऑनलाइन) | ऑन स्पॉट |
|---|---|---|
| प्राध्यापक | 1000/- | 1200/- |
| शोधार्थी/विद्यार्थी | 500/- | 700/- |

(3) ऊपर दिए गए खाते में पंजीकरण शुल्क जमा करने के पश्चात उसका स्क्रीनशॉट गूगल फॉर्म में दिए गए नियत स्थान पर अपलोड करें।

(4) गूगल फॉर्म में पंजीकरण के समय शोध सारांश अथवा पूर्ण शोधपत्र अपलोड किया जा सकता है। शोध सारांश स्वीकृति/अस्वीकृति की सूचना ईमेल से प्रदान की जाएगी।

(5) **शोधपत्र संबंधी दिशानिर्देश-**

(क) शोधपत्र हिंदी में, अधिकतम 3000 शब्दों में, यूनिकोड में टंकित होना चाहिए।

(ख) शोधपत्र मौलिक होना चाहिए। पूर्व लिखित सामग्री का समुचित संदर्भ दिया जाना आवश्यक है।

(ग) **शोध सारांश** (abstract) प्रेषित करने की अंतिम तिथि : 10 जनवरी 2025

(घ) **शोध सारांश** (abstract) स्वीकृति सूचना : 15 जनवरी 2025

(ङ) **पूर्ण शोधपत्र** प्रेषित करने की अंतिम तिथि : 31 जनवरी 2025

(6) दिल्ली से बाहर के उत्तम चयनित बाह्य शोधपत्र प्रस्तुतकर्ताओं हेतु 3AC किराया (मार्गव्यय) दिया जाएगा। शोधपत्र चयन के साथ ही **मार्ग व्यय प्रदान करने की स्वीकृति/अस्वीकृति** की सूचना ईमेल द्वारा प्रेषित की जाएगी।

संरक्षक

प्रोफेसर सुरेन्द्र दुबे

उपाध्यक्ष, केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल

संरक्षक

प्रो. सुनील बाबुराव कुळकर्णी

निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

मार्गदर्शक

प्रो. अपर्णा सारस्वत

क्षेत्रीय निदेशक, दिल्ली केंद्र

**संयोजक**

प्रो. धनजी प्रसाद
प्रोफेसर

**सह-संयोजक**

श्री साकेत बहुगुणा
सहायक प्रोफेसर

**आयोजन समिति**

प्रो. योगेंद्र कुमार
प्रोफेसर

डॉ. ऋचा गुप्त
सहायक प्रोफेसर

सुश्री शोभनीम कुमारी
सहायक प्रोफेसर

संपर्क ईमेल : khsdelhiprograms@gmail.com

ह्वाट्सएप समूह लिंक :

राष्ट्रीय संगोष्ठी 2025
WhatsApp group

सहायता हेतु संपर्क नं. :

- श्री मनवर सिंह बिष्ट: +91 8800506009
- श्रीमती रजनी: +91 9953086451